SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 | email :- nyaysakshi@gmail.com | रायगढ़, बुधवार 26 सितंबर 2018 | पृष्ठ-8, मूल्य 3 रूपए | वर्ष-01 , अंक-01

## सोपोर में सेना की बड़ी कारवाई, मुठभेड़ में 2 आतंकी ढेर

श्रीनगर (आरएनएस)। उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में सेना की राष्ट्रीय राइफल्स ने करीब 8 घंटे तक चले एक ऑपरेशन में दो आतंकियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि आतंकियों से मुठभेड़ की यह घटना बारामुला के सोपोर इलाके में स्थित टुज्जर गांव में हुई है। मंगलवार सुबह से जारी इस ऑपरेशन में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है और सेना की कार्रवाई अब भी जारी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सेना को मंगलवार देर रात टुज्जर गांव में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इस सूचना के बाद सेना की 22 राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू-कश्मीर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस ऑपरेशन के दौरान मंगलवार सुबह इलाके में छिपे आतंकियों ने जवानों पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। वहीं इस गोलीबारी के बाद मौके पर मौजूद जवानों ने भी आतंकियों की



घेराबंदी कर जवाबी कार्रवाई शुरू की।

**लश्कर से जुड़े हो सकते हैं मारे गए आतंकी**

इसके बाद दोनों ही ओर से काफी देर तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। हालांकि करीब 8 घंटे के ऑपरेशन के बाद सेना ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया। माना जा रहा है कि मारे गए आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे, हालांकि अब तक सेना की ओर से इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया गया है।

**उत्तरी कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं पर रोक**

वहीं सोपोर में जारी ऑपरेशन के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से उत्तरी कश्मीर के कई इलाकों में इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा सोपोर में सेना की कार्रवाई के बीच एहतियातन सभी स्कूलों को भी बंद रखने का आदेश दिया गया है।

**घाटी में आतंकियों के खिलाफ लगातार बड़े ऑपरेशन**

बता दें कि रविवार और सोमवार को सेना ने नियंत्रण रेखा के रास्ते घुसपैठ कर रहे पांच आतंकियों को कुपवाड़ा के तंगधार सेक्टर में मार गिराया था। इसके अलावा रविवार को पुलवामा जिले में सेना ने एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद संगठन के स्थानीय कमांडर को भी ढेर कर दिया था।

## आधार की वैधता पर आज फैसला सुनाएगा सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (आरएनएस)। लंबे समय तक चर्चा का विषय रहे आधार कार्ड की वैधानिकता को लेकर सुप्रीम कोर्ट बुधवार को अपना फैसला सुनाएगी। आधार की वैधानिकता को चुनौती देने वाली 27 याचिकाओं पर करीब चार महीने तक बहस चली थी। मैराथन बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मई में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मामले की सुनवाई जनवरी में शुरू हुई थी, इसके बाद करीब 38 दिन तक इस मामले की सुनवाई चली। चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा की अगुवाई में पांच जजों की बेंच ने सुनवाई की। सरकार को इस दौरान यह भी फैसला करना है कि क्या आधार कार्ड प्रीवेसी के कानून का हनन है, जो संविधान के मुताबिक किसी भी नागरिक का आधारभूत अधिकार है।

सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आधार को अनिवार्य किया था। इसके अलावा बैंक अकाउंट खोलने, पैन कार्ड बनवाने, सेलफोन सर्विस, पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए भी आधार कार्ड अनिवार्य किया था। आधार कार्ड को पहचान और पते के प्रूफ के तौर पर मान्यता दी गई है।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि आधार कार्ड से आम जीवन प्रभावित हुआ है, ऐसे में इसे खत्म कर देना चाहिए।

वहीं केंद्र सरकार ने कई आधार कार्ड के पक्ष में कई दलील दी हैं। सरकार की सबसे बड़ी दलील है कि इसकी वजह से सब्सिडी के लाभार्थियों को बिना गड़बड़ी के फायदा मिलता है। आधार डेटा, सरकार और आधार अथॉरिटी का कहना है कि यह पूरी तरह सेफ है और इसके साथ धोखाधड़ी नहीं की जा सकती है।

## बीजेपी का राफेल सौदा, कांग्रेस के पहले सौदे से बेहतर : वायुसेना अधिकारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। वायुसेना के डिप्टी चीफ एयर मार्शल आर. नाबियार ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार द्वारा 36 राफेल विमानों के संबंध में किया गया सौदा पहले के 126 विमानों के सौदे से बहुत बेहतर है। उन्होंने कहा कि इस मामले में लोगों को गलत सूचनाएं दी गई हैं। यह बयान कांग्रेस द्वारा राफेल सौदे करार में भाजपा सरकार पर चौतरफा हमला के बाद आया है। कांग्रेस सोमवार को इस मामले में एफआईआर और राफेल सौदे से जुड़े दस्तावेजों को जब्त करने की मांग को लेकर केंद्रीय सतर्कता आयुक्त को पास गई थी।



दसॉ एविएशन द्वारा ऑफसेट साझेदार चुने जाने के मामले में उत्पन्न विवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि लोगों को गलत सूचनाएं दी गई है। 30,000 करोड़ जैसा कुछ भी किसी भी एक पार्टी को नहीं दिया गया है। दसॉ के पास अकेले 6,500 करोड़ रुपये का ऑफसेट है। इससे ज्यादा और कुछ नहीं है। हाल ही में फ्रांस में राफेल उड़ाने वाले नाबियार ने मीडिया से कहा, हमने पहले हमारे पास मौजूद सभी विमानों का मूल्यांकन किया। कुल मिलाकर यह बहुत अच्छा सौदा है। 2008 में किए गए सौदे की तुलना में बहुत अच्छा सौदा है।

उन्होंने कहा, हमने छह मंचों पर देखा है और राफेल हमारी सभी जरूरतों को पूरा करता है। यह हमारे दृष्टिकोण से तकनीकी रूप से सबसे सक्षम और व्यवसायिक रूप से व्यवहार्य पाया गया। इसीलिए इसे चुना गया। इस संबंध में फ्रांसीसी मीडिया की रिपोर्ट, जिसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने अनिल अंबानी की रिलायंस डिफेंस को करार में शामिल करने के लिए दबाव डाला, के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, वाणिज्यिक वार्ता डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टॉफ द्वारा की गई और वही इस वार्ता को पूरी करने के लिए जिम्मेदार थे। अधिकारी ने कहा कि वार्ता लगभग 14 महीने चली।

उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि हमने हमारे नेतृत्व के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया, जोकि बेहतर मूल्य, बेहतर रखरखाव शर्ते, बेहतर आपूर्ति और बेहतर परफॉर्मेंस लॉजिस्टिक पैकेज के बारे में था। राफेल उड़ाने के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह भारतीय वायु सेना के लिए नई क्षमताओं को देखने का अवसर है।

मुझे लगता है कि विमान को काफी अच्छे तरीके से निर्मित किया गया है। विमान में मौजूद सभी प्रणालियों से संतुष्ट हूं।

## मां की हत्या कर वॉट्सऐप ग्रुप पर कबूला जुर्म, फरार

उदयपुर (आरएनएस)। राजस्थान के उदयपुर के पास स्थित शांत और छोटे से शहर बांसवाड़ा में रोंगटे खड़े कर देने वाली एक घटना सामने आई। यहां एक 18 साल के लड़के ने अपनी मां की हत्या कर दी और फिर गायब हो गया। यही नहीं, उसने खुद एक वॉट्सऐप ग्रुप पर घटना की जानकारी दी और अपना जुर्म कबूल किया। पूरे शहर को सकते में डालने वाली घटना के बाद पुलिस विवेक पांचाल नाम के युवक को पकड़ने की कोशिश में जुट गई है।

उसने ग्रुप पर रविवार रात को किए गए मेसेज में यह भी लिखा कि वह खुद भी आत्महत्या करने जा रहा है। उसने लिखा, मेरा शव कल (सोमवार को) जीमन ब्रिज पर मिलेगा। हालांकि, ताजा जानकारी के मुताबिक वह अभी तक




गायब है। ग्रुप के लोगों ने यह मेसेज देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस फौरन महिला देव कन्या के खांडू कॉलोनी स्थित घर पहुंची। वहां महिला का शव खून से लथपथ हालात में मिला।

**क्रूरता से की हत्या**

शुरुआती जांच में अधिकारियों ने दीवारों पर खून पाया जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरोपी ने पहले महिला के सिर पर जोरदार वार किया होगा। शव का चेहरा भी क्षत-विक्षत था जिससे अपराध की जघन्यता का पता चल रहा था। बताया गया है कि विवेक दो भाइयों में छोटा था और जबलपुर में अपने पिता के साथ काम करता था।

वह गणेश चतुर्थी के लिए घर आया था। उसका बड़ा भाई कुवैत में काम करता है और विवेक उसके पास जाना चाहता था।

## भाजपा सांसद मनोज तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में सीलिंग के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद मनोज तिवारी को एक हफ्ते के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।



तिवारी आज खुद कोर्ट के सामने पेश हुए थे। कोर्ट ने भाजपा नेता से कहा कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। कोर्ट ने तिवारी को फटकार लगाते हुए कहा कि सांसद होने का मतलब यह नहीं कि वे कोई भी कानून अपने हाथ में ले सकते हैं। वहीं पीठ ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि आपने सीलिंग के मुद्दे पर एक न्यूज चैनल से बातचीत में दावा किया था कि 1000 संपत्तियां ऐसी हैं, जो सील होनी चाहिएं। आप सूची दें, हम आपको सीलिंग अधिकारी बना देंगे। कोर्ट ने कहा कि तिवारी एक हफ्ते में इसकी जानकारी हलफनामे के जरिए दें। अब इस मामले की अगली सुनवाई 3 अक्तूबर को होगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई में भी तिवारी को पेश होने को कहा। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने तिवारी के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया था। उल्लेखनीय है कि राजधानी के गोकुलपुरी इलाके में सीलिंग तोड़ने के मामले में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## मुकेश अंबानी ने पिछले एक साल में हर दिन कमाए 300 करोड़ रुपये

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की सबसे धनवान शख्सियत मुकेश अंबानी की संपत्ति पिछले एक साल में हर दिन 300 करोड़ रुपये बढ़ी। बार्कलेज हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2018 में इस बात का खुलासा हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 3 लाख 71 हजार करोड़ रुपये रुपये की संपत्ति के साथ लिस्ट में लगातार सात वर्ष से पहले पायदान पर काबिज हैं। उनकी कंपनी के शेयरों का भाव 45 प्रतिशत बढ़ चुका है।

खास बात यह है कि अकेले मुकेश अंबानी की दौलत लिस्ट में शामिल दूसरे, तीसरे और चौथे पायदान पर काबिज क्रमशः एसपी हिंदुजा ऐंड फैमिली, एल एन मित्तल ऐंड फैमिली और अजीम प्रेमजी की मिलीजुली संपत्ति से ज्यादा है। लिस्ट में अंबानी के बाद काबिज इन लोगों की



संपत्ति क्रमशः 1 लाख 59 हजार करोड़ रुपये, 1 लाख 14 हजार करोड़ रुपये और 96 हजार 100 करोड़ रुपये है।

बार्कलेज हुरुन इंडिया रिच लिस्ट भारत के उन महाधनवानों की एकीकृत सूची है जिनका नेट वर्थ 1,000 करोड़ रुपये या इससे ज्यादा है। 2018 की लिस्ट में पिछले वर्ष की लिस्ट से एक तिहाई ज्यादा शख्सियतें शामिल हो गई हैं। इस तरह 2017 में 617 लोगों की यह लिस्ट इस वर्ष बढ़कर 831 लोगों की हो गई है।

सन फार्मा के दिलिप सांघवी लिस्ट में पांचवें पायदान पर हैं। पिछले साल वह तीन पायदान ऊपर थे। रिपोर्ट में कहा गया है, सुजलॉन में उनकी संपत्ति को पहुंचा नुकसान ने सन फार्मा के शेयर में आई मामूली तेजी की भरपाई कर दी। सुजलॉन के शेयरों के भाव 50 प्रतिशत से ज्यादा गिर गए। अप्रैल 2018 में सांघवी यूनिकेम लेबरटरीज में 3.8 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी। जून 2018 में गुजरात में इसके प्लांट की गुणवत्ता के लेकर अमेरिकी फूड ऐंड ड्रग अथॉरिटी की आपत्ति संतोषजनक तरीके से निपट गई और कंपनी को क्लीन चिट मिल गया। सांघवी की संपत्ति करीब 89 हजार 700 करोड़ रुपये की है। वहीं, 78,600 करोड़ रुपये की अकूत दौलत के साथ कोटक महिंद्रा बैंक के उदय कोटक लिस्ट में छठे स्थान पर हैं। उनके बाद सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के साइरस एस. पूनावाला 73 हजार करोड़ रुपये, अडानी एंटरप्राइजेज के गौतम अडानी 71 हजार 200 करोड़ रुपये और साइरस पालोनजी 69,400 करोड़ रुपये के साथ क्रमशः छठे, सातवें और आठवें स्थान पर हैं।

इस रिपोर्ट में भारत के टॉप महाधनवान परिवारों का जिक्र है किया है। अंबानी परिवार यहां भी टॉप है। उसके बाद गोदरेज, हिंदुजा, मिस्त्री, सांघवी, नाडर, अडानी, दमानी, लोहिया और बर्मन परिवारों का नंबर आता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारतीय मूल की राजदूत ने ट्रंप प्रशासन पर रंगभेदी, महिलाविरोधी होने का लगाया आरोप

वॉशिंगटन (आरएनएस)। ट्रंप प्रशासन पर नस्लभेदी और महिलाविरोधी होने का आरोप लगाते हुए स्टेट डिपार्टमेंट में राजदूत के पद से इस्तीफा दे दिया है। अमेरिका में पैदा हुई भारतीय मूल की उजरा जेया ने 25 साल तक स्टेट डिपार्टमेंट में काम करने के बाद इस्तीफा दे दिया। अपने इस्तीफे के बाद उन्होंने ट्रंप प्रशासन में महिलाओं और अल्पसंख्यकों के सही अनुपात नहीं होने को लेकर सवाल उठाए।

### सोमालिया में अल-शबाब के 35 आतंकवादी ढेर

मोगादिशू (आरएनएस)। सोमालिया के सुरक्षाबलों और अल शबाब के आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में अल-शबाब के 35 आतंकवादी ढेर हो गए। सोमालिया सुरक्षाबलों को अफ्रीकी संघ (एयू) बलों का समर्थन प्राप्त है। कोरयोले के डेप्युटी गवर्नर अब्दी अहमदी ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सोमालिया के एक जवान की मौत हो गई और दो घायल हो गए।

### बॉस्टन में महिला की गोली मारकर हत्या

**घटना में शामिल आरोपी पति की तलाश जारी**

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के बॉस्टन में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस इस घटना में शामिल आरोपी पति की तलाश कर रही है, जिसने घटना को अंजाम देने से पहले अपनी कार से महिला का पीछा किया किया था। बॉस्टन ग्लोब के मुताबिक, प्लायमाउथ डिस्ट्रिक्ट के अटॉर्नी टिमोथी क्रूज ने कहा कि हमलावर की पहचान 47 वर्षीय एलेन वॉर्नर के रूप में की है, जिसका महिला से जल्दी ही तलाक होने वाला है। यह घटना सोमवार शाम को मार्सफील्ड में हुई।

### कार्ति की गिरफ्तारी पर ईडी की याचिका पर सुनाई आठ अक्टूबर को

**एयरसेल-मैक्सिस केस**

नईदिल्ली (आरएनएस)। एयरसेल-मैक्सिस केस में आरोपी कार्ति चिदम्बरम को दी गई अंतरिम सुरक्षा (गिरफ्तारी से राहत) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। आठ अक्टूबर को इस मामले की अगली सुनवाई निर्धारित की गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने पटियाला हाउस कोर्ट से आग्रह किया है कि कार्ति को गिरफ्तारी से दी गई राहत को रद्द कर दिया जाए।

### अब अथॉरिटी के नोटिस से बचना होगा मुश्किल

**बेनामी संपत्ति वालों पर कसेगा शिकंजा**

नई दिल्ली (आरएनएस)। नोटबंदी के बाद मोदी सरकार बेनामी संपत्ति वालों पर शिकंजा कसने वाली है। बेनामी संपत्ति अथॉरिटी के अधिकारी सिर्फ अपनी जानकारी के आधार पर आपको नोटिस भेज सकते हैं। एक बार नोटिस आने के बाद उस जांच से निकलना आसान नहीं होगा। नोटिस आने के बाद से जांच के 90 दिनों के दौरान उस संपत्ति का इस्तेमाल भी आप नहीं कर पाएंगे।

### आरपीएफ ने एक अनधिकृत टिकट बुकिंग एजेंट को पकड़ा

नई दिल्ली (आरएनएस)। एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए उत्तर रेलवे, दिल्ली मण्डल के वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल के एक दल ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के निकट पहाड़गंज में एक नामी टूर्स एण्ड ट्रैवल्स एजेन्सी पर छापा मारकर 26 वर्षीय एक लड़के को रंगे-हाथों गिरफ्तार किया जो आरक्षित ई-रेल टिकटों की अवैध बुकिंग में संलिप्त था। उसके पास से 24621/- रूपए मूल्य के 12 लाइव ई-टिकटों के साथ अन्य दस्तावेज भी बरामद किए गए। उसने अनेक आईडी बना रखी थी और इन आईडी से पिछले चार महीनों में देश के विभिन्न गंतव्यों के लगभग 6,11,350रूपए मूल्य के अवैध ई-टिकट खरीदे थे। उसे रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जमानत मिल गई।

### उत्तर भारत में 11 की मौत, कई राज्यों में अलर्ट, नदियां उफान पर

**सितंबर की बारिश का कहर**

नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में बेमौसम की बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार हो रही भारी बारिश से पंजाब में रेड अलर्ट है जबकि हिमाचल में बाढ़ जैसे हालात हैं। उत्तर भारत में अबतक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। पहाड़ी जगहों पर पर्यटक फंसे हैं।